<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत</u>

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 16.07.2012 को दोपहर 03.00 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

<u>राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य</u>

श्री एस के सोनी, अध्यक्ष

श्री अवधेश मनि, सदस्य

श्री आर के बंसल , सदस्य

श्री एस एस बडपंडा, सदस्य

श्री आर पिपलोनिया, सदस्य

श्री अनिल चडडा, सदस्य

श्री एस आर नरसिम्हन, सदस्य

श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

श्री सुरेश कोहली,.ज.स. अ.(नो.अ)

1.0 सर्वप्रथम श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव (मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीसरी तिमाही की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया ।

2.0 समिति की बैठक के शुरू होने पर सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी में होने वाली प्रगाति को पावर पोईंट प्रेसैंटेशन के द्वारा दिखाए जाने पर अपनी शुभकामनाएँ दी(कापी सलंग्न है) व राजभाषा हिन्दी में किये जाने वाले कार्यों पर जहाँ एक ओर संतोष जताया वहीं सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि सभी सदस्य अपने अपने विभाग में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिये सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित भी करें।

3.0 अध्यक्ष महोदय ने प्रतिदिन एक नये विचार को भी मेल से प्राप्त होने पर अपनी खुशी जाहिर की । सभी विभागाध्यक्षों नें अपने अपने विभाग से एक नोडल अधिकारी को मनोनीत करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की। नोडल अधिकारी तिमाही रिपोर्ट के लिये मानव संसाधन विभाग को अपने विभाग के आंकडे भेजेगा और साथ ही अपने विभाग में किये गये राजभाषा हिन्दी के कार्यों

को एक मास्टर फाईल में रखेगा ताकि संसदीय निरीक्षण समिति के निरीक्षण के समय उस विभाग के कार्यों को दिखाया जा सके । इसके लिये भी सभी विभागाध्यक्षों के साथ साथ अध्यक्ष महोदय ने भी अपनी सहमति प्रदान की ।

4.0 अध्यक्ष महोदय ने यह भी सुझाव दिया कि मंत्रालय के उच्चाधिकारियों को दिये जाने वाले प्रेसंटेशन में राजभाषा हिन्दी को सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया ।

5.0 अध्यक्ष महोदय ने श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक के ऊतरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र में स्थानातरित हो जाने पर श्री अशोक कुमार मारवाह, मुख्य प्रबंधक (मा.सं) को राजभाषा कार्यान्वयन समिति में सदस्य रूप में लेने हेतु अपना अनुमोदन दिया ।

6.0 राजभाषा हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं व साथ ही अंग्रेजी के पत्रों के साथ अग्रिम पत्र हिन्दी में भेजने का प्रारूप भी प्रत्येक विभाग को भेजने के लिये तैयार कर लिया गया है और इसका नमूना राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत के साथ लगा दिया गया है ।

7.0 श्री पी के अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक(सूचना प्रोद्योगिकी) के ऊतरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र से राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र में स्थानातरित हो जाने पर उन्हे भी राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य रूप में लेने हेतु अनुमोदन दिया ।

8.0 अन्त में कार्यपालक सचिव (मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
कार्यपालक सचिव(मा.सं)
16 जुलाई 2012

मुख्य प्रबंधक(मा.सं) 17/7/2012

महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.कें.) 17-7.12

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव

श्री मारवाह

श्री अनिल मेहता